## खबर संक्षेप

### अवनी की टीम ने जीती प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**यमुनानगर।** महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाचरौन में आठवीं से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छह टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक साहब सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्रतियोगिता में छात्रा अवनी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि तृषा की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जबकि तृतीय स्थान पर अक्षिता की टीम रही। मौके पर स्कूल प्रबंधक साहब सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन होता है। उनके आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होती है। स्कूल प्रबंधक साहब सिंह ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछकर उनका ज्ञान वर्धन करना रहा है।

### जनसेवा को समर्पित है रोटरी रेनबो क्लब: नवीन

**पानीपत।** शहर के शिव नगर स्थित बाल श्रमिक पुनर्वास केंद्र में पानीपत रोटरी रेनबो क्लब द्वारा बच्चों के लिए बैठने हेतु बेंच प्रदान की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया मुख्य अतिथि रहे। वहीं रोटरी क्लब के पूर्व गवर्नर रंजीत भाटिया विशिष्ट अतिथि रहे। रोटरी रेनबो क्लब के स्तंभ सुमित मित्तल ने अध्यक्षता की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने रोटरी रेनबो क्लब के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर सुरेंद्र शर्मा, आशीष सिंगला, राजीव सिंगल एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रोहतास देशवाल, सोमदत्त आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### सरकार के नीतियों के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**पानीपत।** पानीपत में सोमवार को कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार की ट्रेड डील, बुढ़ापा पेंशन में कटौती, हरियाणा लोक सेवा आयोग में अनियमितताएं व राशन कार्ड कटौती का आरोप लगाया और जिला सचिवालय के सामने एलिवेटेड हाईवे के नीचे प्रदर्शन कर धरना दिया। वहीं, धरना संपंन होने पर कांग्रेस जुलूस के रूप में जिला सचिवालय में पहुंचे और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इधर, आंदोलन का नेतृत्व करते हुए पानीपत कांग्रेस कमेटी, (ग्रामीण) के अध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि मोदी व नायब सरका हर मोर्चा पर फेल हो चुकी है। सत्ता के नशे में चूर दोनों सरकारें हर तरह से जनता का शोषण कर रही है।

### टैक्स चोरी पर नियंत्रण करता है टीडीएस : डॉ अरोड़ा

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में 'टीडीएस व कर देयता विषय पर विस्तार व्याख्यान हुआ। वहीं, आरती राजेश शर्मा सीएमए, चेयरपर्सन विधु मित्तल सीएमए करनाल ने विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। दूसरी ओर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं और उन्हें भविष्य में कर संबंधी दायित्वों के प्रति जागरूक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि टीडीएस टैक्स चोरी पर नियंत्रण रखने में मदद करता है।

### विद्यार्थी, तनाव मुक्त होकर दें परीक्षा

**पानीपत।** जिला शिक्षा अधिकारी पानीपत राकेश बूरा ने बोर्ड एवं वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनज़र विद्यार्थियों के लिए "11 मंत्र" जारी करते हुए उन्हें स्वस्थ दिनचर्या, समय प्रबंधन और उत्तर लेखन की सही तकनीक अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी इन सरल लेकिन प्रभावी उपायों का पालन करें तो वे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और तनाव से भी दूर रह सकते हैं। राकेश बूरा ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि परीक्षा के दौरान हल्का व संतुलित भोजन लें, पर्याप्त नींद लें, सुबह की सैर और प्राणायाम को भी दिनचर्या में शामिल करे।

---

#### बैठक में आय का 273.38 करोड़ और व्यय का 272.92 करोड़ का बजट पास

# करोड़ों के बजट से ट्विनसिटी के विकास में आएगी तेजी : बहमनी

**जनवरी 2026 तक 28 करोड़ 14 हजार 178 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स व 17 करोड़ 62 लाख रुपये स्टाम्प ड्यूटी व श्रम उपकर से प्राप्त हुए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। बजट सत्र में संबोधित करती हुई नगर निगम मेयर

वित वर्ष-2026-27 के लिए मेयर सुमन बहमनी की अध्यक्षता में हुई नगर निगम सदन ही बजट बैठक में 273 करोड़ 38 लाख का बजट पास किया गया। इसी के साथ व्यय को लेकर भी 272 करोड़ 92 लाख रुपये बजट पास हुआ। करोड़ों रुपये का बजट पास होने से ट्विनसिटी के विकास में तीव्रता आएगी। उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त प्रीति की मौजूदगी में हुई बजट बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार व वरिष्ठ लेखा अधिकारी कृष्ण जैन ने नगर निगम की आय व व्यय का ब्यौरा दिया।

उन्होंने बताया कि बीते वर्ष प्रॉपर्टी टैक्स, फायर टैक्स व निगम टैक्स का हमारा 37 करोड़ रुपये का लक्ष्य था। जनवरी 2026 तक हम 28 करोड़ 14 हजार 178 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स प्राप्त कर चुके है। इस बार हमारा लक्ष्य 37 करोड़ रुपये है। बीते वर्ष स्टाम्प ड्यूटी व श्रम उपकर का हमारा लक्ष्य 20 करोड़ 20 लाख रुपये का था। जनवरी माह तक हम 17 करोड़ 62 लाख रुपये स्टाम्प ड्यूटी व श्रम उपकर से प्राप्त किए है। इस बार हमारा लक्ष्य 21 करोड़ का रहेगा। इसी तरह बीते वर्ष किराया व पट्टे का हमारा लक्ष्य 2 करोड़ 97 लाख रुपये का था। जनवरी माह तक हम 2 करोड़ 58 लाख 62 हजार रुपये किराया ले चुके है। इस साल हमारा हमारा लक्ष्य 3 करोड़ 23 लाख रुपये रहेगा। बीते वर्ष 20 करोड़ 3 लाख रुपये डेवलपमेंट व अन्य चार्ज वसूलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। साल भर में हम 16 करोड़ 24 लाख 68 हजार 342 रुपये डेवलपमेंट व अन्य चार्ज वसूल चुके है। इस बार 22 करोड़ 28 लाख रुपये डेवलपमेंट व अन्य चार्ज लेने का लक्ष्य रखा गया है। मेयर व उपायुक्त ने सभी पार्षदों व अधिकारियों को बजट को विकास कार्यों में लगाने के निर्देश दिए। मौके पर ट्रेनी आईएएस सुमन, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, विकास धीमान, नरेंद्र सुहाग मौजूद रहे।

#### आय बजट का ब्यौरा

- प्रॉपर्टी, फायर व निगम टैक्स-37 करोड़
- स्टाम्प ड्यूटी व श्रम उपकर-21 करोड़
- डेवलपमेंट व अन्य चार्जेज-22.20 करोड़
- रेंटए लीज, तहबाजारी-3.23 करोड़
- बिक्री नीलामी- 17.02 करोड़
- विज्ञापन व अन्य फीस - 2.89 करोड़
- जुर्माना व चालान-18 लाख
- ब्याज से आय- 25.25 करोड़
- विविध आय-1.08 करोड़
- एसएफसी व सीएफसी ग्रांट -141.41 करोड़
- लोन एडवांस, जीएसटी रेंट-2 करोड़

#### व्यय बजट का ब्यौरा

- वेतन, पेंशन व अन्य-108.25 करोड़
- प्रशासनिक व्यय-14.60 करोड़
- डेवलपमेंट व अन्य चार्जेज-22.20 करोड़
- सफाई व कचरा प्रबंधन-34.02 करोड़
- संचालन और रखरखाव-20.32 करोड़
- विकास कार्यों पर व्यय-90.35 करोड़
- अग्रिम ऋण-2.15 करोड़
- अन्य खर्च-3.22 करोड़ है।

#### इस साल 214 करोड़ 92 लाख प्राप्त हुआ आमदन

उन्होंने बताया कि नगर निगम बजट में वित्त वर्ष 2025.26 के लिए अनुमानित आय बजट 262 करोड़ 95 लाख रुपये निर्धारित किया गया था। जिसे बढ़ाकर 273 करोड़ 38 लाख किया गया है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार 10 करोड़ 43 लाख रुपये अधिक बजट रखा गया है। आमदन की बात करें तो साल भर में प्रॉपर्टी टैक्स, रेंट, फीस जुर्माना, चालान समेत विभिन्न साधनों से नगर निगम को जनवरी 2026 तक लगभग 214 करोड़ 92 लाख की आमदन प्राप्त हुई है। नगर निगम के व्यय की बात की जाए तो बीते वर्ष खर्च के लिए 262 करोड़ 72 लाख रुपये का बजट तय किया गया था।

#### सफाई व्यवस्था पर खर्च होंगे 124.37 करोड़ रुपये

बैठक में शहर के विकास व सफाई व्यवस्था व कचरा प्रबंधन के लिए 124 करोड़ 37 लाख रुपये खर्च करने का बजट पास किया गया। सफाई व्यवस्था व कचरा प्रबंधन पर नगर निगम द्वारा 34 करोड़ 02 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जिसमें डोर टू डोर कचरा कलेक्शनए नगर निगम के वाहनों की मरम्मत व रख रखाव, मशीनरी, एमआरएफ सेंटर आदि शामिल है। इसी तरह विकास कार्यों पर 90 करोड़ 35 लाख रुपये खर्च होंगे। जिसमें विभिन्न गलियां, सामुदायिक केंद्र, नगर निगम भवन आदि निर्माण कार्य शामिल है। बजट पास होने से शहर में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों में तीव्रता आएगी।

---

# परमात्मा ने प्रकृति को आधार बना सृष्टि का किया विस्तार: भारती



यमुनानगर। कार्यक्रम में श्रवण करती साध संगत।

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा साप्ताहिक संत संकीर्तन कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में साप्ताहिक संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने संपूर्ण सृष्टि में व्याप्त प्रकृति एवं परमात्मा के गूढ़ नियमों के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों का गायन कर साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया।

साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने फरमाया कि परमात्मा का विधान बड़ा सुव्यवस्थित है। परमात्मा ने प्रकृति को आधार बनाकर संपूर्ण सृष्टि का विस्तार किया और जड़ चेतन संपूर्ण चराचर में स्वयं ही व्याप्त हो गया। मगर यह भेद सभी जीवों के सन्मुख नहीं खोलता है। जैसे खेल दिखाने वाला मंच पर ऐसे खेल दिखाता है कि किसी के सन्मुख उसका भेद प्रकट न हो। लेकिन खेल दिखाने वाले के साथ रहने वालों को उसके खेल के पीछे छिपा मर्म और भेद सब ज्ञात हो जाता है। साध्वी ने कहा कि ब्रह्मज्ञानी संत जिन्हें ब्रह्म का ज्ञान हो चुका है वे प्रकृति और परमात्मा के भेद से परिचित होते हैं। किन्तु उनके भेद को बाहर दुनिया के सामने प्रकट नहीं होने देते। क्योंकि माया से आच्छादित एक सांसारिक व्यक्ति जब तक माया से बाहर नहीं निकलना चाहता तब तक वह इस खेल का एक दर्शक बना रहता है। विडंबना है कि हम स्वयं को कर्ता मानते हैं। मगर अपने द्वारा किए हुए कर्मों का फल मिलने पर परमात्मा को दोषारोपण करते हैं। दुर्भाग्य है कि हम कर्म विधान को समझ कर ना तो उसमें कोई संशोधन करने का प्रयास करते हैं और न ही अपने द्वारा किए गए कर्मों के फल को भोगने का उत्तरदायित्व उठाते हैं। साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने फरमाया कि श्रीमद्भागवत गीता में श्री कृष्ण भगवान अर्जुन को कहते हैं कि आत्म साक्षात्कार के पश्चात भगवत परायण होकर परोपकार की भावना से निःस्वार्थ भाव से कर्म करना ही श्रेयस्कर है।

---



रादौर। देवी मंदिर में आयोजित संकीर्तन में भाग लेते श्रद्धालु।

### मंदिर में भगवान शंकर की कथा का किया गुणगान

**रादौर।** कस्बा रादौर के देवी मंदिर में मासिक संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। संकीर्तन के दौरान भजन मंडली एवं श्रद्धालुओं ने माता रानी व भगवान शंकर के भजनों का गायन किया। कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु मनमोहन गुप्ता ने बताया कि हर महीने संकीर्तन का आयोजन किया जाता है। जिसमें श्रद्धालु भगवान की महिमा का गुणगान करते है। कार्यक्रम में पहुंची संकीर्तन मंडली ने मैया तेरे चरणों की गर धूल, धरती गगन में होती है तेरी जय जयकार, पार्वती बोली शंकर से, सुनिए भोलेनाथ जी तथा जैसे मस्तक पे चंदा है, गंगा बसी जटाओं में जैसे भजनों का गुनगान किया। मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं भजनों को सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया की।

### ज्योतिबा फुले कॉलेज में हुई विशेषज्ञ व्याख्यान कार्यशाला

**रादौर।** ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज रादौर में सोमवार को रोबोटिक्स क्षेत्र में जानकारी के लिए विशेषज्ञ व्याख्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डेलसोफ्ट टेक्नोलजी प्राइवेट लिमिटेड के के प्रतिनिधि बृजपाल मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य एसके सिंही की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। बृजपाल ने विद्यार्थियों को रोबोटिक्स के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, उभरते हुए करियर अवसरों व इंडस्ट्री में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन से संबंधित महत्वपूर्ण उदाहरण साझा किए। प्राचार्य एसके सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। महाविद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित करता रहेगा।



यमुनानगर। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ व छात्र-छात्राएं।

# कृषि समझौते व बुढ़ापा पेंशन कटने के विरोध में भाकियू ने किया प्रदर्शन

- भाकियू के सदस्यों ने केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। ट्रंप व मोदी का पुतला जलाते हुए भाकियू के सदस्य।

आज भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के सदस्यों ने सोमवार को अमेरिका के साथ हुए कृषि समझौते व प्रदेश सरकार द्वारा बुढ़ापा पैंशन काटे जाने के विरोध में जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने केंद्र सरकार व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका और नारेबाजी की। इस दौरान किसानों ने 23 मार्च को पिपली में जनक्रांति रैली आयोजित कर आगामी रणनीति बनाने का ऐलान किया। सोमवार को भाकियू (चढ़ूनी) से जुड़े सैंकड़ो किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना व जिला उपाध्यक्ष गुरमेज सिंह कपूरी के नेतृत्व में यूनियन के सदस्य जिला सचिवालय के समक्ष पहुंचे और प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने कहा कि भारत सरकार ने जो अमेरिका के साथ डील की है। उसमें कृषि समझौते के तहत देश के किसान का तबाह होना निश्चित है। मौके पर संदीप टोपरा, गुरवीर सिंह, कृष्ण पाल सुढल, रीटा चहल आदि मौजूद रहे।

# रात्रि गश्त अभियान के तहत शरारती तत्वों पर रखी जा रही निगरानी: गोयल

- शरारती तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए चलाया रात्रि गश्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। चैकिंग अभियान के दौरानवाहनों की जांच करते हुए पुलिस कर्मचारी।

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में शरारती तत्वों पर शिकंजा कसने व आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस की टीमों द्वारा वाहनों समेत सार्वजानिक स्थानों, सड़कों व बाजारों में रात्रि गश्त कर जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त और शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विशेष रात्रि गश्त की जा रही है। इसके तहत पुलिस टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे रात के समय सार्वजनिक स्थानों, मुख्य सड़कों, बाजारों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखें।



रादौर। कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते यूनियन के सदस्य।

### मांगों को लेकर कर्मचारियों ने कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रादौर।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन द्वारा कृषि व कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा के नाम मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने जिला प्रधान मनोज कुमार की अध्यक्षता में मंत्री को ज्ञापन सौंपा। प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के निर्देश दिए थे। लेकिन सरकार द्वारा अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया। उन्होंने सरकार से अपील की है कि हरियाणा के हर जिले अंदर सभी कच्चे सफाई कर्मचारियों को जल्द से जल्द पक्का किया जाए। उन्होंने ज्ञापन में पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग भी रखी। इस अवसर पर प्रधान मनोज कुमार, सचिव विजय मंडेबर, कैशियर हरीदास, चेयरमैन राजपाल, प्रचार सचिव राजेश ,ऑडियर जितेंद्र, उपाध्याय प्रदीप, संदीप जगाधरी के प्रधान विक्की पार्चा, आकाश आदि मौजूद रहे।

# जात पात में बंटने के कारण हिंदू हो रहे कमजोर: मेहता

**यमुनानगर।** हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में 22 फरवरी को श्रीलालद्वारा मंदिर यमुनानगर में आयोजित किए जा रहे भव्य हिंदू सम्मेलन की सफलता को लेकर प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभातफेरी शहर के ग्रीन पार्क से शुरु होकर कालिंदी कॉलोनी समेत विभिन्न स्थानों से होते हुए अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई। प्रभातफेरी के माध्यम से लोगों को सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए निमंत्रण दिया गया। इस दौरान भजन गायक दीपक राजा ने अपने भजनों से प्रभातफेरी में शामिल लोगों को निहाल किया। भजनों पर लोग झूमते हुए चल रहे थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष दविंद्र मेहता ने बताया कि सम्मेलन के प्रति लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियों द्वारा हिंदुओं को जात पात में बांटने का प्रयास किया जा रहा है। जात पात में बंटने के कारण ही हिंदू दिन प्रतिदिन कमजोर हो रहा है। अन्य समुदाय इसका फायदा उठाकर धर्मांतरण को बढ़ावे दे रहे हैं।



# हवन-यज्ञ से श्रद्धालुओं ने खोला शिवरात्रि का उपवास

- शिवरात्रि के उपलक्ष्य में जिले भर में आयोजित हुए हवन यज्ञ व भंडारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



महाशिवरात्रि का पर्व सोमवार को श्रद्धालुओं द्वारा उपवास खोलने के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान जिले भर में श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ और भंडारों का आयोजन किया। हवन-यज्ञ में आहुतियां डालकर व भंडारों में प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने उपवास खोलकर भगवान शिव की कृपा प्राप्त की।

जिले के संतूर बनखंडी पंचमुखी शिव मंदिर शिव आश्रम में शिवरात्रि के अवसर एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में शिवलिंग की पूजा अर्चना करने के बाद हवन यज्ञ और भडांरे का आयोजन किया गया। मंदिर के सेवक सुरेंद्र सिंह व राजबीर सिंह ने बताया कि समस्त श्रृष्ठि शिवमय है। शिव ही आदि है और शिव ही अंत है। इस मौके पर रणदीप सिंह, सुनीता, रोहित, जंगशेर सिंह, रूद्र नेहरा, महिंद्र सिंह, कमल, जसमेर व सुरिंद्र आदि मौजूद थे।

#### खालसा कॉलेज में शिक्षा नीति 2020 पर छात्रों को किया जागारुक

# अकादमिक लेखन मे दक्षता को मजबूत करना जरुरी: निगम

**नई एजुकेशन पॉलिसी पर फैकल्टी को मजबूत बनाने को लेकर ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। ऑनलाइन कार्यक्रम में अपने विचार प्रक्ट करते वक्ता।

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के तहत नई एजुकेशन पॉलिसी 2020 पर क्वालिटी एजुकेशन के लिए फैकल्टी को मजबूत बनाने को लेकर आनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ डॉ. वर्षा निगम ने मुख्य वक्ता के रुप में की। जबकि अध्यक्षता कालेज के कामर्स विभाग की अध्यक्ष डॉ. जसविंद्र कौर ने की।

मुख्य वक्ता डॉ. वर्षा निगम ने फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नई शिक्षा नीति 2020 के हिसाब से एक वाइब्रेंट रिसर्च कल्चर बनाने के लिए रिसर्च मेथड और एकेडमिक राइटिंग में कॉम्पिटेंसी को मजबूत करना बहुत जरूरी है। वहीं, दूसरे वक्ता फैकल्टी ऑफ एजुकेशन गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर पूर्व डीन प्रो.डॉ. अमित ने पार्टिसिपेंट्स को रिसर्च और नल हाइपोथीसिस बनाने, सैंपल डिजाइन, एथिकल डेटा कलेक्शन और एसपीएसएस जैसे टूल्स का इस्तेमाल करके सिस्टमेटिक डेटा एनालिसिस के बारे में गाइड किया।

#### कार्यक्रम में स्किल बेस्ड एक्टिविटीज पर दिया जोर

समर्थ शर्मा ने करके सीखने, मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच, स्किल, बेस्ड एक्टिविटीज और कम्युनिटी एंगेजमेंट पर जोर दिया। कालेज प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने कहा कि रिसर्च में बेहतरीन होना और एथिकल एकेडमिक राइटिंग इंस्टीट्यूशनल ग्रोथ और ग्लोबल एकेडमिक पहचान के लिए जरूरी हैं। वाइस प्रिंसिपल डॉ. प्रतिमा शर्मा ने रिसर्च.ओरिएंटेड और एक्सपीरिएंशियल अप्रोच अपनाने से टीचिंग क्वालिटी और स्टूडेंट आउटकम दोनों बेहतर होंगे। आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. कैथरीन मसीह ने कहा कि ऐसे सेशन फैकल्टी की क्षमता को काफी बढ़ाते हैं। इस अवसर पर डॉ. राजिंदर सिंह वोहरा ने भी नई शिक्षा नीति पर अपने विचार प्रक्ट किए।

